पावर सिस्टम ऑपरेशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड़
केन्द्रीय कार्यालय, मानव संसाधन विभाग

सन्दर्भ संख्या : के.का./पोसोको/2020-21/हिन्दी कार्यशाला दिनांक 07 सितंबर 2020

हिन्दी कार्यशाला का कार्यवृत

कोविड 19 के चलते हुए हिन्दी कार्यशाला का आयोजन एक दुष्कर कार्य था परंतु पोसोको राजभाषा विभाग राष्ट्रीय भार प्रेषण केंद्र और उत्तरी क्षेत्रीय भार प्रेषण केंद्र के सौजन्य से पोसोको कैंद्रीय कार्यालय, राष्ट्रीय भार प्रेषण केंद्र व सभी क्षेत्रीय भार प्रेषण केंद्र, के कार्मिकों के साथ साथ नराकास उपक्रम-2 दिल्ली के अंतर्गत आने वाले सभी निगमों(48 निगमों), कैंद्रीय विद्युत प्राधिकरण और विद्युत मंत्रालय के हिन्दी अधिकारियों व उन कार्यालयों के कार्मिकों हेतु दिनांक 03 सितंबर 2020 को वेबेक्स के माध्यम से एक बार पुन: हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया | इस कार्यशाला में हिन्दी और उर्दू सगी बहनें विषय पर श्री अफसर अहमद, उप महाप्रबंधक (एन बी सी सी) द्वारा अपना व्याख्यान दिया गया । कोविड 19 के चलते हुए इस अनूठे प्रयास की प्रशंसा नराकास उपक्रम 2 दिल्ली के सभी निगमों द्वारा की गई ।

सर्वप्रथम प्रबन्धक (राजभाषा) ने अतिथि देवो भव की परंपरा का निर्वाह करते हुए वेबेक्स सिस्टम पर निदेशक(मानव संसाधन), पोसोको, मुख्य महाप्रबंधक(उ क्षे भा प्रे के), वरिष्ठ महाप्रबंधक(मानव संसाधन), महाप्रबंधक(मानव संसाधन), बाह्य संकाय श्री अफसर अहमद सदस्य सचिव (नराकास उपक्रम 2 दिल्ली), सभी वरिष्ठ अधिकारियों व नराकास के सदस्य कार्यालयों के अधिकारियों का हार्दिक अभिनंदन किया और श्री अफसर अहमद से अपना व्याख्यान देने हेतु विनम्र अनुरोध किया |

1.0 श्री अफसर अहमद ने हिन्दी के हृदय की विशालता के बारे में बताते हुए कहा कि कैसे अनायास ही हिन्दी अन्य भाषाओं के शब्दों को अंगीकार करते हुए अपने साथ किस सरलता और सहजता से ले कर चलती है इसे उर्दू शायरी के माध्यम से इस कार्यशाला में उपस्थित कार्मिको को उदाहरण दे कर समझाया ।

2.0 श्री अहमद ने अपने वक्तव्य में उर्दू के शब्दों की सुंदरता और हिन्दी के नोट में किस आसानी से इन शब्दों का इस्तेमाल अनायास ही हो जाता है इस विषय को प्रेसेंटेशन के माध्यम से समझाया ।

3.0 श्री अहमद ने उर्दू के मशहूर शायरों के कलाम पढ़ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया ।

4.0 इस अवसर पर कार्यशाला के समापन पर निदेशक(मानव संसाधन) ने शायरी पढ़कर सभी को हैरान कर दिया ।

5.0 कार्यशाला के अंत में धन्यवाद ज्ञापन देते हुए वरिष्ठ महाप्रबंधक(मानव संसाधन), ने सभी वरिष्ठ अधिकारियों, कार्मिकों व इस कार्यशाला में उपस्थित सभी कार्मिकों का आभार प्रकट किया और हिन्दी पखवाड़े के अवसर पर आयोजित इस कार्यशाला के आयोजन पर बधाई दी ।

6.0 कार्यशाला के अंत में सदस्य सचिव(नराकास उपक्रम-2 दिल्ली) ने राजभाषा के प्रचार प्रसार में पोसोको द्वारा किए जा रहे प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा की ।

अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

(अनिल मेहता)
प्रबन्धक (राज-मा.सं)